समाचार

वार्ड क्र. 31 में 14 लाख 58 हजार रू. से होंगे विकास कार्य

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)

कोरबा 08 फरवरी 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 31 खरमोरा में 14 लाख 58 हजार रूपये की लागत से होने जा रहे विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 31 खरमोरा बस्ती में 14 लाख 58 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य का अधोसंरचना मद के अंतर्गत कराया जाना हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया, पूजा अर्चना की तथा कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण आदि उपस्थित थे। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित वार्डवासियों से सीधी भेंटकर उनकी विकास संबंधी आवश्यकताओं

व समस्याओं पर चर्चा की तथा निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा यह विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि वार्डवासियों की मांग एवं उनकी आवश्यकता को देखते हुए सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य हों। उन्होने कहा कि विकास कार्यो की यह गति आगे भी जारी रहेगी तथा जनताजनार्दन की इच्छा के अनुसार ही विकास कार्य होंगे। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विकास कार्यो की सौगात प्राप्त होने पर वार्डवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होने अधिकारियों से कहा कि इन विकास कार्यो को प्रारंभ कराकर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कराते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा करें।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही एम.आई.सी.सदस्य सपना चौहान, प्रदीपराय जायसवाल, कृपाराम साहू, पार्षद अनिता यादव, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, एल्डरमेन रूपा मिश्रा, गीता गभेल एवं आरिफ खान, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्चना उपाध्याय, प्रेमलता मिश्रा, पूर्व पार्षद सुकुंदी यादव, देव जायसवाल, विजय सिंह, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा व अनिरूद्ध शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील त्रिपाठी, नफीसा हुसैन, राजमति यादव, ममता अग्रवाल, सोनकुंवर, अनिता शर्मा, शशि अग्रवाल, सुनील शर्मा, ललिता कंवर, तनुज अग्रवाल, निर्मला कंवर, कमल देवांगन, बंधन सिंह, रूपा सिंह आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।